# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
# Directorate of Education, GNCT of Delhi

**अभ्यास प्रश्न पत्र** (द्वितीय सत्र:2021-22)

**कक्षा – X**

**हिंदी 'अ' (कोड:** 002)

**समय**: 2 **घंटे** | **अधिकतम अंक**: 40
**Time: 2 hours** | **Maximum Marks: 40**

**सामान्यनिर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए -

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं - 'क' और 'ख'।
2. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए।
3. लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए।
4. खंड 'क' में कुल तीन प्रश्न हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उप-प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
5. खंड 'ख' में कुल चार प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए चारों प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**खंड 'क' पाठ्य पुस्तक व पूरक पाठ्य पुस्तक** | **20 अंक** |
| **प्र. स. 1** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25 - 30 शब्दों में लिखिए - | (2x4) = **8 अंक** |
| **क** | 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक यशपाल ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा? | |
| **ख** | लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का कौन सा तरीका जानते हैं? | |
| **ग** | फ़ादर बुल्के ने संन्यासी की परंपरागत छवि से अलग एक नई छवि प्रस्तुत की है, कैसे? | |
| **घ** | फ़ादर बुल्के द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए किए गए प्रयासों को अपने शब्दों में लिखिए। | |
| **प्र. स. 2** | निम्नलिखित में से <u>किन्ही तीन</u> प्रश्नों के उत्तर 25 - 30 शब्दों में लिखिए - | (2x3) = **6 अंक** |
| **क** | 'उत्साह' कविता में कवि ने क्रांति लाने के लिए किसका आह्वान किया है और क्यों? | |
| **ख** | 'उत्साह' कविता में कवि युवा कवियों से क्या अपेक्षा करता है? | |
| **ग** | 'अट नहीं रही है" कविता में वर्णित प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। | |
| **घ** | 'कन्यादान' कविता में माँ ने बेटी को सचेत करना क्यों जरूरी समझा? | |
| **प्र. स. 3** | निम्नलिखित में से <u>किन्ही दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - | (3x2) = **6 अंक** |
| **क** | बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं? माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| ख | 'और देखते ही देखते नई दिल्ली का काया पलट होने लगा'-नई दिल्ली के काया पलट के लिए क्या-क्या प्रयत्न किए गए होंगे? जॉर्ज पंचम की नाक पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए। | |
| ग | झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था? | |
| | **खंड– ख**<br>**रचनात्मक लेखन** | **20 अंक** |
| **प्र. स. 4** | निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसी <u>एक</u> विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - | (1x5)<br>= **5 अंक** |
| | (क) आतंकवाद -<br>संकेत बिंदु - भूमिका<br>विश्वव्यापी समस्या<br>भारत में आतंकवाद<br>आतंकवाद मानवीयता का दुश्मन<br>(ख) कोरोना (कोविड -19) काल में मेरी शिक्षा -<br>संकेत बिंदु - भूमिका,<br>शिक्षा का स्वरूप<br>तकनीकी माध्यमों की सहायता<br>प्रभाव व परिणाम<br>(ग) वृक्षारोपण<br>संकेत बिंदु - भूमिका<br>वृक्षारोपण की आवश्यकता<br>पर्यावरण के लिए उपयोगी<br>हमारा योगदान | |
| **प्र. स. 5** | ट्रैफिक नियमों की अवहेलना की शिकायत करते हुए स्थानीय ट्रैफिक अधिकारी को पत्र लिखिए।<br>अथवा<br>मित्र के जन्मदिन पर नहीं जा पाने का कारण बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए। | (1x5)<br>= **5 अंक** |
| **प्र. स. 6** | (1) विद्यालय में प्रस्तावित विज्ञान मेला के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>पेड़-पौधों के संरक्षण के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br><br>(2) अपने खाली दुकान को किराए पर देने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>अथवा<br>(1) डेंगू-चिकनगुनिया से बचाव के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | (2x2.5)<br>= **5 अंक** |

| | | |
|---|---|---|
| **प्र. स. 7** | (1) राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।<br>अथवा<br>अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटे भाई को बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए ।<br><br>(2) अपने चाचा को शादी की सालगिरह की शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए ।<br>अथवा<br>कोरोना से बीमार अपने मित्र को शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामना देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए । | (2x2.5)<br>= **5 अंक** |